प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में आरक्षी नागरिक पुलिस–2023 सीधी भर्ती के लिये कल से शुरू होंगी परीक्षाएं : कुल 48 लाख 17 हजार 441 अभ्यर्थी होंगे शामिल।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुजफ्फरनगर में रोजगार और ऋण मेले का किया शुभारंभ : पांच हजार से अधिक युवाओं को वितरित किये नियुक्ति पत्र।
3. जन्माष्टमी पर वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को नहीं मिलेगा प्रवेशः मुख्यमंत्री 25 अगस्त को मथुरा में करेंगे जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ।
4. ललितपुर में डायरिया से दो भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत, बीस से ज्यादा लोग बीमार : स्वास्थ्य विभाग ने घर घर जाकर बांटीं दवायें।

———————————

प्रदेश में आरक्षी नागरिक पुलिस–2023 सीधी भर्ती के लिये कल से परीक्षाएं शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा केन्द्रों के आसपास हॉट स्पॉट की निगरानी ड्रोन कैमरों से कराई जायेगी। सुरक्षा प्रबंधों में तकनीक का भी अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित कराया जायेगा। सिपाही भर्ती परीक्षा में कुल 48 लाख 17 हजार 441 अभ्यर्थियों को शामिल होना है। इनमें उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक दा लाख 67 हजार 296 अभ्यर्थी बिहार के होंगे। परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जा रहे हैं। परीक्षा से सम्बंधित शिकायत या जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किये गए हैं। ये नंबर हैं शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक सात तथा शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक आठ, और शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक नौ। तीनों नंबर लखनऊ जिला प्रशासनिक मुख्यालय कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम के हैं। लखनऊ में इक्यासी परीक्षा केन्द्रों, वाराणसी में अस्सी परीक्षा केन्द्रों, मिर्जापुर में चौदह, उन्नाव में ना और बुलन्दशहर में दस परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित होंगी।

पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार 23 और 24 अगस्त को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिये लगभग 10 लाख से अधिक अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर चुके हैं। परीक्षा में शामिल होने के लिये देशभर से अभ्यर्थी आ रहे हैं। मध्य प्रदेश के 98 हजार से अधिक, राजस्थान के 97 हजार, हरियाणा के करीब 74 हजार अभ्यर्थी, दिल्ली के 42 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए विभिन्न प्रदेशों से आ रहे अभ्यर्थियों के लिए परिवहन के पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। रेलवे आठ स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों का संचालन ज़रूरत के अनुसार होगा। इसके साथ ही कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव भी

किया जायेगा। रोडवेज की बसो में अभ्यर्थी एडमिट कार्ड दिखाकर निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए आ रहे अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज ने विभिन्न मार्गों पर बसों की संख्या बढ़ाई है। झांसी में रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि झांसी और ललितपुर के बीच 30 बसें चलाई जाएंगी।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुजफ्फरनगर में वृहद रोजगार और ऋण मेला का शुभारंभ किया। इस दौरान 5 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं विभिन्न योजनाओं में चयनित पात्रों और एमएसएमई उद्यमियों को 30 करोड़ से अधिक का ऋण वितरित किया गया। इसक साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एक हजार से अधिक छात्र–छात्राओं को टैबलेट भी बांटे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी दंगो के लिए जाना जाने वाला पश्चिमी उत्तर प्रदेश आज कांवड़ यात्रा के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से युवाओं को रोजगार से जोड़ा है। आने वाले दो वर्षों में दो लाख से अधिक नौकरियां दी जायेंगी।

*अगले दो वर्ष में दो लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देनी है और जिसमें पहली नौकरी की खेप आपको निकल रही है कल से तेईस चौबीस पच्चीस अगस्त को फिर तीस और इकतीस अगस्त को हम लोग 60 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती करने जा रहे हैं और मैं आप सभी नौजवानों से कहूँगा इस भर्ती की प्रक्रिया में भाग लीजिए।*

इससे पहले मुख्यमंत्री ने 17 और 18 अगस्त को अम्बेडकर नगर और अयोध्या में आयोजित रोजगार मेले में बारह हजार नियुक्ति पत्र वितरित किये थे।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनकी समस्यायें सुनीं। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए पार्टी के सदस्यता अभियान को सफल बनाने की अपील की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा की ।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मथुरा जिले के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में सत्ताईस अगस्त को प्रस्तावित जन्माष्टमी पर्व के उत्सव में बुजुर्ग, बच्चों और बीमार लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। यह जानकारी मंदिर प्रबंधन ने एडवाइजरी जारी कर दी है। मंदिर प्रबंधन ने यह फैसला भारी भीड़ और पिछल दिनों हुई घटनाओं को देखते हुए लिया है। उधर, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया किइस बार पांच हजार दो सौ इक्यावन वे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पच्चीस अगस्त को मथुरा जिले में करेंगे। वह इस मौके पर बरसाना रोपवे और यमुना क्रूज समेत एक सौ सैंतीस परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। इसी के साथ ब्रज मंडल में 5 बड़े मंच, 19 छोटे मंच और 20 प्रमुख मार्गों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हो जाएगा। महोत्सव के दौरान सांसद हमामलिनी की नृत्य प्रस्तुति भी होगी।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भीड़ को देखते हुए 26 अगस्त को जन्मस्थान पर मुख्यमंत्री दर्शन कर मथुरा से रवाना हो जाएंगे। जन्माष्टमी को देखते हुए मथुरा में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर परिसर और आस पास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है।

*जनपद में प्रमुख कार्यकम श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर 26,27 की मध्य रात्रि में होता है और 26 को ही मॉर्निंग से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। इसको लेकर एक व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। पूरे क्षेत्र को तीन जोन और सत्रह सेक्टर में विभाजित करके ड्यूटियां लगाई गई है। यातायात प्रबंधन एक मेजर टास्क रहता है उसके लिए सफिशिएंट पार्किंग की व्यवस्था हर तरफ से आने वाले वाहनों के लिए की जा रही है। उसी तरह वृंदावन में भी विभिन्न जोन और सेक्टर्स में डिवाइड करके हमारी डिप्लॉयमेंट होगी क्योंकि श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ जनपद में आती है तथा अत्यंत वृद्ध, बीमार और बहुत छोटे बच्चों को भीड़–भाड़ से दूर रखें।*

——————

ललितपुर जिले के महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम भैरा में डायरिया के चलते दो भाइयों समेत तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि बीस से ज्यादा लोग बीमार हैं। गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को सीएचसी महरौनी और ललितपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सीएमओ ललितपुर डा. इम्तियाज खान ने बताया कि सहरिया बस्ती में लगे हैण्डपम्प का दूषित पानी पीने से लोग बीमार हुए हैं। पानी का सैम्पल जांच के लिए भेजा गया है और स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर घर जाकर लोगों को दवा वितरित की जा रही है।

——————

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कल मनाया जाएगा। पिछले वर्ष इसी तिथि को चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर ने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसी उपलक्ष्य में सूचना और प्रसारण मंत्रालय का केन्द्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ में प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्मों का आयोजन कर रहा है। सरोजनी नगर के जीएसएम पब्लिक इण्टर कालेज में गोष्ठी, व्याख्यान

और विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिये युवा पीढ़ी को अन्तरिक्ष के बारे में बताया गया। इसके साथ ही कल से गोमती नगर के केन्द्रीय विद्यालय में दो दिवसीय समारोह का आयोजन किया जायेगा।

_________

प्रदेश में बारिश और बांधो से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई हैं। गंगा नदी बदायूं, बलिया, घाघरा नदी, बाराबंकी, अयोध्या, बलिया, राप्ती नदी, सिद्वार्थ नगर, गोरखपुर, बूढ़ी राप्ती नदी, सिद्वार्थ नगर और क्वानो नदी गोण्डा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

(समाप्त)